श्री बंशीधर नगर, रविवार
28.04.2024
वैशाख कृष्णपक्ष चतुर्थी संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 243

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:23 बजे
अस्त - 06:23 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 42 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद >> पेज 03 | सीइओ के रवि कुमार से मिले किशोर >> पेज 04

**सुविचार**

कोई भी रिश्ता यहां उस वक़्त नज़र नहीं आयेगा, जिस वक़्त आपको उसकी सख़्त ज़रूरत होगी।

**न्यूज अपडेट्स**

### राहुल गांधी की खूंटी, लोहरदगा में रैली तीन को

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन मई को खूंटी और लोहरदगा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सभी कार्यकताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया। पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

### बाबूलाल 28 को लोहरदगा और पलामू में

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को पलामू और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी छतरपुर विधानसभा के किशनपुर मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को 11 बजे संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को तीन बजे संबोधित करेंगे। इन दोनों सीटों पर 13 मई को मतदान होने वाला है। राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

**संक्रमण** ▶ **10 किमी तक बढ़ा जांच का दायरा**

# रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित दो चिकित्सक समेत 6 क्वारंटाइन

**रांची।** राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है।

इस बाबत प्रक्षेत्र के डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किए हैं, जिसकी जांच की जायेगी।




जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गए हैं। डॉ रजनीश गुप्ता ने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बस सावधानी बरतने की जरूरत है, जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरूरत है। यदि उन्हें तेज बुखार, गले में खराश, सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए। उधर, अधिकारियों ने जांच का दायरा एक से बढ़ाकर 10 किमी कर दिया है।

### रांची में मुर्गियां, अंडे और बतख किए जा रहे नष्ट

**रांची।** राजधानी रांची के होटवार में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य लगातार जारी है। इस बाबत डॉ गणेश महली ने बताया कि टीम लगातार इलाके में अपना काम कर रही है। अबतक 1800 मुर्गी, अंडा 1697 और 451 बतख डिस्ट्रॉय किया गया है। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल को रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच फाइव एन वन की पुष्टि के बाद रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एहतियात के तौर पर एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा, मृत कुक्कुटों, कुक्कुट उत्पाद और अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी।

## विशुनपुरा के बीडीओ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



### डीसी एसपी ने ब्लॉक पहुंच की मामले की जांच

बंशीधर न्यूज

**विशुनपुरा :** विशुनपुरा के बीडीओ हिरक मन्नान केरकेट्टा ने अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी बीडीओ आवास पहुंच मामले की जानकारी ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह से ही बीडीओ आवास के बाहर नहीं निकले थे। काफी देर होने के बाद ब्लॉक कर्मियों ने उनके घर का दरवाजा खटखटाया। लेकिन कुछ रिस्पॉन्स नहीं मिलने के बाद कर्मियों ने खिड़की से अंदर झांका तो सभी कर्मी सन्न रह गये। बीडीओ का शव फंदे से झूल रहा था। जिसके बाद वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच जारी है।

उधर घटना की जानकारी मिलने पर डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय ने विशुनपुरा पहुंच कर पूरे मामले की जांच की। जांच के बाद डीसी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। बीडीओ के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# साहिबगंज में कार से 4.33 लाख रु बरामद, जांच शुरू

**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए साहिबगंज जिला प्रशासन ने राधानगर हाईस्कूल चौक के समीप चेकपोस्ट बनाया है। इस चेकपोस्ट पर शनिवार की दोपहर वाहनों की जांच के दौरान एक गाड़ी से 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए गए। जांच के दौरान पुलिस ने चार पहिया वाहन (जेएच 05डीएच 5198) की तलाशी ली। इससे पुलिस ने 04 लाख 33 हजार 500 रुपये बरामद किए। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये पैसे राजमहल के एक सीमेंट व्यवसायी के हैं। चेकपोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट बीएफटी अब्दुल रजाक अग्रिम कार्रवाई कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गाड़ी से बरामद रुपये की जांच की जा रही है। सीमेंट व्यवसायी ने भी व्यवसाय से जुड़ी राशि होने की बात बताई है। मौके पर राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे।

# झामुमो ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**रांची।** राज्य में चार चरणों में लोकसभा का चुनाव होना है। नामांकन की प्रकिया शुरू हो गयी है। इस बीच जेएमएम ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को मुख्य प्रचारक बनाया गया है। वहीं मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन के अलावा



नलिन सोरेन, प्रो. स्टीफन मरांडी, मथुरा प्रसाद महतो, सविता महतो, सरफराज अहमद, बैजनाथ राम, विनोद कुमार पाण्डेय, फागु बेसरा, सुप्रियो भट्टाचार्य, दीपक बिरुआ, सुदिव्य कुमार सोनु, मिथिलेश कुमार ठाकुर, चमरा लिण्डा, योगेन्द्र महतो, अभिषेक कुमार पिंटु, नन्दकिशोर मेहता, जोबा मांझी, समीर मोहन्ती, विजय हांसदा, महुआ माजी, निरल पूर्ति, रामदास सोरेन, हिदायतुल्लाह खान, दशरथ गगराई, बसन्त सोरेन, हफिजुल हसन, बेबी महतो, निजामुद्दीन अंसारी, सुखराम उरांव, भुषण तिर्की, मंगल कालिंदी, जिगा सुसरण होरो, विकाश सिंह मुण्डा, संजीव सरदार, दिनेश विलियम मरांडी और हेमलाल मुर्मू को लिस्ट में शामिल किया गया है।

**झारखंड के सरायकेला का तापमान पहुंचा 45, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट**

# शिक्षा विभाग अलर्ट, स्कूलों में दो बार बजेगा वाटर बेल

**रांची।** राज्य के लगभग सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मात्र छह जिलों का ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक चल रहा है। इस कारण लोगों को पूर्वाह्न दस बजे के बाद से घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां का 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गोड्डा, बहरागोड़ा का तापमान 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पश्चिमी सिंहभूम और पाकुड़ का तापमान 43 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। सिमडेगा, साहेबगंज, पलामू, जामताड़ा का तापमान 42 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बोकारो, गढ़वा, गिरिडीह, रामगढ़ का तापमान 41 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रांची का तापमान 39.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। तेज धूप और गर्म हवाओं को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि



30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में 28 से 29 के बीच भी देखा जायेगा। आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा। इसमें पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। साथ ही लोगों को सलाह दी है कि दिन के पूर्वाह्न 11:00 बजे से लेकर दोपहर के 04:00 बजे तक बाहर न निकले। समय-समय पर पानी पीते रहें। साथ ही कॉटन कपड़े का इस्तेमाल करें। बाहर निकलने से पहले शरीर को अच्छी तरह ढक लें। राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूलों में बच्चों को दो बार कम से कम एक-एक ग्लास पानी पिलाना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने सभी जिलों के डीइओ और डीएसई को पत्र लिखा है। स्कूलों में 8:30 और 10:30 बजे वाटर बेल बजाने के लिए कहा गया है। यह आदेश सरकारी के साथ निजी स्कूलों में भी लागू होगा।

## जमीन विवाद में अधेड़ की गोली मार हत्या, जांच शुरू

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जोकेला गांव में शुक्रवार रात घर के बरामदे में सो रहे नीलकंठ यादव (62) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की जानकारी परिजनों के द्वारा शनिवार की सुबह पुलिस को दी गई। हत्या की जानकारी सुबह आग की तरह क्षेत्र में फेल गई जिसके बाद घटनास्थल पर लोगों का हुजूम जमा हो गया। मृतक के पुत्र पवन यादव ने पुलिस को बताया की उसके पिताजी घर के बाहर सो रहें थे। जबकि वह छत पर सोया था। देर रात करीब पांच की संख्या में लोगों ने उसके पिता के सिर में गोली मारकर फरार हो गए। पवन के अनुसार वे भागते हुए गांव के ही पांच लोगों को देखा। हत्या की वजह जमीन विवाद बताया जा रहा है। मृतक के पुत्र के अनुसार जमीन को लेकर आरोपियों से विवाद चल रहा था। मृतक नीलकंठ यादव अपने पीछे दो पुत्र और चार पुत्री छोड़ गये। सरैयाहाट थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया की मृतक के पुत्र के बयान के आधार पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

# डीसी ने की अब्सेंटी वोटर्स के पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर तैयारी की समीक्षा



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** डीसी शशिरंजन ने पलामू लोकसभा सीट पर शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को समीक्षा बैठक की। अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय कक्ष में आयोजित बैठक में डीसी ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अबतक की तैयारियों की समीक्षा कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। साथ ही एसेंशियल सर्विसेज की श्रेणी में आनेवाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा चुनाव 2024 में सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसेंशियल सर्विसेज के नोडल पदाधिकारियों से सभी योग्य मतदाता का नाम निर्धारित 12 डी फॉर्म में जमा कराने हेतु निर्देशित किया। डीसी ने कहा कि केंद्रीय बलों के आवासन और मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो, पदाधिकारी इसका ख्याल रखें। सभी क्लस्टर पर पेयजल, शौचालय, बिजली की मुकम्मल व्यवस्था हो। उन्होंने पुलिस और पोलिंग पार्टी के आने-जाने और रहने की पूरी व्यवस्था के साथ समन्वय बनाने हेतु टैग किये गये रोजगार सेवक के साथ लगातार संपर्क में रहने की बात कही। उन्होंने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का मतदाताओं के बीच ससमय वितरण कराने के निर्देश दिये। उपरोक्त के अलावे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कई अन्य बिंदुओं पर समीक्षा कर विभिन्न निर्देश दिये। मौके पर सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पत्रकार धर्मेंद्र सिंह को मातृशोक

**छतरपुर :** छतरपुर के पत्रकार धर्मेंद सिंह की माता का अचानक निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष थी। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 12 बजे पेट में गैस की परेशानी होने के बाद बीपी भी नहीं बताया। कुछ समझ पाते कि उनकी अचानक मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही स्थानीय लोगों ने उनके आवास पर आना शुरू कर दिया। लोगों ने उनसे मिलकर हिम्मत रखने की बात कही। शनिवार की दोपहर स्थनीय मंदेया शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर :** रामगढ़ थाना क्षेत्र निवासी जयप्रकाश यादव की 20 वर्षीय पुत्री किरण कुमारी शनिवार की सुबह घरेलू विवाद में घर में रखे जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का असफल प्रयास की। उसकी स्थिति गंभीर होने के बाद स्वजनों द्वारा इलाज के लिये पहले रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एमएससीएच रेफर कर दिया। वहां इलाज के बाद भी किरण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर किरण के रिश्तेदार सहित उसके अन्य स्वजन उसकी स्थिति जानने के लिये एमएमसीएच पहुंचे।

## पलामू | भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र की बरामदगी

# नितेश के दस्ते का सदस्य राजेंद्र भुईयां गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने उग्रवादियों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत नासो जमालपुर निवासी माओवादी नितेश यादव के दस्ता के सक्रिय सदस्य राजेन्द्र भुईयां पिता स्व रामु भुईयां को गिरफ्तार किया है। साथ ही हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जितामाटी (सलैया टिकर) निवासी विष्णु विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सुचना मिली कि माओवादी नितेश यादव के दस्ते का सक्रिय सदस्य जो नाम पता छिपाकर बाहर में कहीं रहता था वह फिलहाल घर पर आया हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस को भी सूचना थी कि वह आगामी चुनाव में गड़बड़ी फैलाने की फिराक में लगा हुआ है। सूचना के बाद हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुये नासो जमालपुर स्थित राजेन्द्र भुईयां एवं अन्य के घर पर छापामारी की। छापामारी में नासो जमालपुर गांव निवासी राजेन्द्र भुईया, कर्मदेव भुईयां एवं उपेन्द्र भुईयां तथा बैरियाडीह निवासी राजेश कुमार रवि के घर से चार देशी निर्मित भरठुआ बन्दुक, विष्णु विश्वकर्मा के घर से बैरल लोहे का दो, एक लोहा का मोटा पाईप व बन्दुक में उपयोग होने वाला दो घोड़ा, उपेन्द्र भुईयां के घर से बारूद, छर्रा, बैरिंग छर्रा, भरतुआ बन्दुक में भरने का सामग्री-रांगा, लोहे का टुकड़ा, सुरेन्द्र भुईयां के घर से काला रंग का पाउडर व राजेन्द्र भुईयां के पास से एक की पैड मोबाईल बरामद किया है। एसपी ने बताया कि इस संबंध में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत हुसैनाबाद थाना काण्ड सं. 92/24 दर्ज कर गिरफ्तार लोगों को न्याय हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने इस संबंध में नासो जमालपुर निवासी राजेन्द्र भुईयां पिता स्व रामू भुईयां, कर्मदेव भुईयां पिता रामचन्द्र भुईयां, विनोद भुईयां पिता लखन भुईयां, उपेन्द्र भुईयां पिता मुन्नी राम, सुरेन्द्र भुईयां पिता नरेश भुईया, बैरियाडीह निवासी राजेश कुमार रवि, मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के माहुर भंवरी गांव निवासी ललन राम, माओवादी नितेश यादव तथा उसके दस्ता के सदस्य संजय यादव उर्फ गोदराम जी, सीताराम रजवार उर्फ रमण जी एवं अन्य अज्ञात के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापामारी दल में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, पुअनि धर्मेन्द्र सिंह, बब्लु कुमार, संजय कुमार यादव, पुलिस जवान रंजन टुटी, परमेश्वर महतो, सिप्रियन लकड़ा सुमित सीआरपीएफ 172 बटालियन व पलामू पुलिस के जवान शामिल थे।

### एसडीओ ने बालू का अवैध उत्खनन कर रहे दो ट्रेक्टर को पकड़ थाना को सौपा

**हुसैनाबाद :** अनुमंडल क्षेत्र में आय दिन अवैध बालू उत्खनन का मामला उजागर होते रह रहा है। इसे लेकर एसडीओ पीयूष सिन्हा ने शनिवार की सुबह हुसैनाबाद प्रखंड के सोन नदी तट स्थित बड़ेपुर बालू घाट पर छापामारी की। जहां कई ट्रेक्टर पर बालू का उत्खनन कर लादा जा रहा है। एसडीओ को बालू घाट पर पहुंचते ही बालु माफिया में अफरा-तफरी मच गई। कई ट्रेक्टर संचालक व ड्राईवर आनन-फानन में ट्रेक्टर से बालू को सड़क पर ही गिराकर भागने में सफल हो गये। किंतु दो ट्रेक्टर को एसडीओ ने जब्त कर हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी को निर्देश देते हुये कार्रवाई को कहा। जिसे हुसैनाबाद थाना को सौंप दिया गया है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद का चुनाव संपन्न

**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को बाल संसद का चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविकांत पाठक एवं अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार ने भारत माता, ॐ एवं मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। उस मौके पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बाल संसद चुनाव के उद्देश्य को बताते हुये कहा कि प्रांतीय योजना अनुसार यह चुनाव होता है। इससे भैया-बहनों में लोकतांत्रिक व्यवस्था, प्रतिस्पर्धा नेतृत्व, क्षमता एवं व्यवहार कुशलता की गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि चार वर्गो के लिये अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, सेनापति एवं सह सेनापति के लिये चुनाव किया गया। इन पदों पर चयनित होने के लिये कुल 119 प्रत्याशी भैया-बहन ने मैदान में उतरे। तीन दिन प्रथम कालांश में अनुशासन पूर्वक प्रचार-प्रसार प्रत्याशी द्वारा किया गया। चुनाव के लिये बनाये गये थे चार बूथ चुनाव के लिये चार बूथ बनाये गये थे। बूथ नंबर एक कार्यालय के बाहर कन्या भारती (कक्षा 9-10 की बहनें) जिसमें पीठासीन अधिकारी के रूप में अविनाश कुमार एवं मतदान कर्मी के रूप में प्रियंवदा, उमेश कुमार व नेहा कुमारी बूथ नंबर दो कंप्यूटर लैब बरामदा किशोर भारती (9-10 के भैया) जिसमें पीठासीन अधिकारी के रूप में नीरज कुमार सिंह एवं मतदान कर्मी के रूप में सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार गुप्ता, बूथ नंबर तीन प्रथम तल बाल भारती (कक्षा 6-8 भैया-बहन) जिसमें पीठासीन अधिकारी के रूप में कृष्ण कुमार पांडेय एवं मतदान कर्मी के रूप में सुजीत कुमार दुबे, प्रसून कुमार, अंकित जैन, नीति कुमारी, सलोनी कुमारी एवं बूथ नंबर चार वंदना स्थल, शिशु भारती (1-5) भैया बहन जिसमें पीठासीन अधिकारी के रूप में ससत्येंद्र प्रजापति, मतदान कर्मी नंदलाल पांडेय, रेनू पाठक एवं प्राची पांडेय मौजूद थे। चुनाव में प्रत्येक मतदाता की अंगुली में चिन्ह लगा कर निर्धारित बैलेट बॉक्स में अपने पसंद के उम्मीदवार को बैलेट पेपर द्वारा मतदान कर रहे थे। वोट देने के लिये भैया बहनों में उत्साह का माहौल था। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक एवं अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार द्वारा सभी बूथो का मॉनिटरिंग किया जा रहा था। चुनाव में कुल 520 भैया-बहनों ने मतदान किया। 1 मई को मतदान का परिणाम घोषित होगा। साथ ही 4 मई को चयनित बाल संसद के अधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सह दायित्वबोध कार्यशाला होगी। आज अंतिम कलास में बैग, बस्ता निरीक्षण प्रतियोगिता 3 वर्गो में संपन हुई।

### पान दुकान में हो रही थी शराब की बिक्री, दो दुकानदार धराये

मेदिनीनगर : पांकी थाना पुलिस ने सगालीम बस स्टैंड स्थित दो पान दुकान से विभिन्न कंपनियों के 48 बोतल बियर व अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में सगालीम गांव निवासी रोहित पान दुकान व उपेन्द्र पान दुकान के मालिक क्रमशः रोहित कुमार सिंह (33) पिता राजकुमार सिंह व उपेन्द्र कुमार (34) पिता राजनाथ राम को गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में पार्टी थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार गठित छापामारी दल ने जब दुकान में छापामारी की तब रोहित पान दुकान से किंगफिशर कंपनी का 19 व गॉड फादर कंपनी का 12 बीयर बोतल, बी7 स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 9, रायल स्टैग कंपनी का 14, इम्पीरियल ब्लू कंपनी का 13 पीस तथा उपेन्द्र पान दुकान के फ्रिज से किंगफिशर कंपनी का 11 पीस व गॉड फादर कंपनी का एक बीयर बोतल, बी 7 स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 07, रॉयल स्टैग कंपनी का 1, इम्पीरियल ब्लू कंपनी का 6 शराब का बोतल बरामद किया गया।

# पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

बंशीधर न्यूज

**नौडीहा बाजार :** मतदान केंद्र का भौतिक सत्यापन एवं मतदाता जागरुकता की मुहिम की जन मानस में गहरी पैठ के उद्देश्य से जिला पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन, एसडीपीओ नौशाद आलम, थाना प्रभारी नौडीहा अमित कुमार द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में पुलिस के जवान नौडीहा के बलरा, झरहा गांव पहुंचे। एसपी ने विद्यालय प्रधान और जल सहिया से मुखातिब होकर मतदान केंद्र के रख-रखाव एवं समुचित चुनावी संसाधन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पेयजल एवं भोजन का समुचित प्रबंध किये जाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ने उपस्थित मतदाताओं से मतदान में भयादोहन के संबंध में पूछताछ की। साथ ही



भयमुक्त शत प्रतिशत मतदान के लिये मतदाता को आश्वस्त किया। उन्होंने छीजन मतदाताओं को बुलाकर अपने मत के प्रयोग के लिये प्रोत्साहित किया। मौके पर उपस्थित एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी ने सयुक्त रूप से मतदाताओं को निर्भीक होकर चुनाव में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। कहा कि किसी तरह का भय पैदा करने वाले उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। बिहार के विगत चुनाव में औशतन मतदान में गिरावट होने के कारण झारखंड निर्वाचन आयोग इस आशय पर संज्ञान लेकर मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में विशेष कदम उठा रहा है। इसे अंजाम देने के लिये पुलिस के आलाधिकारी इस तपती धूप में मतदान केंद्रों का जायजा लेने निकल पड़े हैं। पुलिस का यह कदम काफी सराहनीय है।

# भाजपा नगर मंडल की बैठक आयोजित

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** भाजपा नगर मंडल गढ़वा की बैठक शनिवार को शहर के चिनिया रोड स्थित होटल पद्मावती में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान सभी व्यवसायी, बुद्धजीवी प्रमुख नागरिकों ने अपनी अपनी बातों को रखा और अपनी समस्याओं को सांसद को बताने का कार्य किया। सांसद ने उन्हें आश्वासन दिया कि आने वाला समय में सभी चीजों का समाधान किया जायेगा।



मौके पर संगठन महामंत्री ने कहा कि मताधिकार सभी लोग करें और मत का प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। राष्ट्रहित में मतदान करने के लिये समय निकाले मतदान केंद्र पर थोड़ी विलंब हो तो भी मत दे कर आये और अपने सगे संबंधी लोगों को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिये उन्हें समझायें। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में संविधान सुरक्षित है। प्रत्याशी विष्णुदयाल राम ने कहा कि 10 वर्षों में हमने अपने क्षेत्रों में अनेको कार्य किया और आगे भी निरंतर इससे बड़ा कार्य करने का लकीर खींचूंगा। राष्ट्र के नाम पर विकास के नाम पर आप हमें अपना मत दें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह जो इंडी गठबंधन बना है यह लूट के लिये बना है। अगर इनमें दम रहता तो अकेले चुनाव लड़ने का कार्य करते लेकिन यहां सभी चोर चोर मौसेरे भाई हैं। पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने कहा पूर्व की सरकारों में व्यवसायी सुरक्षित थे। इस सरकार में व्यवसायों के साथ लूटपाट हत्या उनका दोहन किया जा रहा है। देश का विकास और राष्ट्र का निर्माण नरेंद्र मोदी के ही द्वारा किया जा सकता है। मौके पर संतोष दूबे, ओमप्रकाश केशरी, बिपिन बिहारी सिंह, दुर्गा जौहरी, सूरज गुप्ता, मुन्ना चन्द्रवंशी, विनय चौबे, विनोद तिवारी, गिरिन्दर पांडेय, भगत सिंह साहू, मुरली श्याम सोनी, रितेश चौबे, मुन्ना तिवारी, यशवंत मिश्रा, राकेश शंकर गुप्ता, मनोज पाठक, प्रमोद चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, चंदन जायसवाल, राजीव रंजन तिवारी, उमेश अग्रवाल, लखन कश्यप, अंजलि गुप्ता, वीणा पाठक, कंचन जायसवाल, मीरा यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# कैडरों की समीक्षा, सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान करना हैं : डीपीएम

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** जेएसएलपीएस के तहत ब्लाक मिशन मैनेजमेंट यूनिक प्रखंड मिशन प्रबंधन इकाई के तीनों क्लस्टर के सभी कैडरों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीपीएम सुशील कुमार दास ने मतदाता जागरूकता के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारी दी। कहा कि सभी लोगों को वोट देना है यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मतदान उसके बाद जलपान करना है। डीपीएम ने उपस्थित जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों को अपने संबंधित आसपास के लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित करने का जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि



मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पाने की दिशा में तमाम तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन अपने घर से निकलें और अपना बहुमूल्य मत देकर लोकतंत्र के जड़ को मजबूत करें। मौके पर डिम जुलियस तिर्की, बीपीएम सत्यप्रिय तिवारी, एडमिन धर्मेंद्र कुमार, डीओ नीरज मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, एसआरपी वाजदा खातून, अनुज सिंह, जाबिर हुसैन, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, अभय कुमार, परी देवी, अस्तरुन निशा, नगमा बीबी, पिंकी देवी, सेतु दीदी, सभी जेंडर सीआरपी, बैंक सखी सहित सीएलएफ के अध्यक्ष व सचिव कोषाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में महिला स्वंय सहायता समूह की दीदी मौजूद थी।

## न्यूज अपडेट्स

### शाम होते ही सज जाती है शराबियों से यह पहाड़ी

**विश्रामपुर** : खुले ग्लास छलकती बोतले और मदमस्त होते लोग। यह नजारा किसी मयखाने या अहाते का नहीं बल्कि विश्रामपुर नगर परिषद स्थित थाना से महज एक किलोमीटर दूर स्थित पहाड़ियों का है। जो शाम होते ही मयखाने के रूप में बदल जाता है। चारों तरफ शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। लेकिन इन्हें कोई रोकने वाला नहीं है। यही कारण है कि इस पहाड़ी के किनारे से केतात जाने वाली रास्ते से शाम पांच बजे के बाद लोगों का आवागमन ठहर जाता है। विश्रामपुर नगर परिषद का यह क्षेत्र प्राकृतिक रुप से काफी मनोरम व पहाड़ियों से घिरा है। जहां कल तक आसपास के लोग शाम को भ्रमण को परिवार के साथ निकलते थे। जहां प्राकृतिक सौन्दर्य का लुत्फ उठाते थे। लेकिन इन दिनों शाम ढलते हीं आने-जाने में भी डर लगने लगता है, कारण सामान्य लोग कम नशे में धुत्त असामाजिक तत्व ज्यादा नजर आते हैं। अधिकांशतः ऐसा नजारा हर रोज देखने को मिलता है। रजगुड़ूवा पहाड़ के किनारे से एक कच्ची पथ निकलती है जो विश्रामपुर को सिधे एनएच 75 स्थित केतात को जोड़ती है। लोग इस पथ से आवागमन बैखौफ होकर किया करते थे। लेकिन कुछ समय से यह पथ सेंसेटिव सा बन गया है। इसका कारण शराबियों व अपराधियों का यहां ठिकाना बनना है। शाम होते ही शराब की बोतलों के साथ लोगों का जमावड़ा लगने लगता है। जो अलग-अलग बैठकर मनोरंजन के साथ शराब की बोतले को छलकाते नजर आते हैं। इससे भयभीत लोग इस रास्ते से चलना छोड़ दिया। वे बीमोड़ की पांच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर पहुंचते हैं।

# महिला ने कुल रकम बैंक के कैशियर को लौटाकर दिया मानवता का परिचय



बंशीधर न्यूज

**रमना** : भारतीय स्टेट बैंक के कैशियर द्वारा गर्मी और शादी के मौसम की भीड़ में भूलवस लेनदेन के अभाव में बंद खाते के धारक निर्मला देवी को छह हजार रुपए का भुगतान कर दिया गया। इस बात का पता कैशियर को तब चला जब बैंक बंद कर पुरे दिन के लेखा-जोखा कर रहे थे, जिसमें कुल बचत राशि में छह हजार रुपए कम होने लगे, फिर सभी जमा पर्ची और निकासी पर्ची को मिलाया गया तो, इस गड़बड़ी का पता चला की निर्मला देवी बंद खाता धारक को छह हजार का निकासी कर दिया गया है। उक्त खाता धारक का पूरा पता लेकर कैशियर और एटीएम गार्ड लोगों से खाता धारक निर्मला देवी का घर का पता पूछ कर शाम को प्रदीप कुमार के सहायता से उक्त ग्राहक के घर पहुंचे और पैसे के बारे में ग्राहक को बताया। निर्मला देवी भी इस बात को स्वीकारी की हां हम बैंक से अपना जमा रकम निकाल कर आये हैं, कैशियर द्वारा खाता बंद होने की बात बतायी गयी और बोले की आपके खाते से पैसे की निकासी नहीं हो पायी है, आप फार्म भर कर बैंक में जमा कीजियेगा और अपने खाते से पैसा निकासी कर लीजियेगा। उक्त महिला ने कुल रकम कैशियर को लौटा दिया और मानवता का परिचय दिया, कैशियर नें महिला की विनम्रता और सत्यता के लिये धन्यवाद दिया।

## गढ़वा ➤ इंडिया महागठबंधन का गढ़वा जिला संसदीय समिति गठित

# राजद प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने का लिया संकल्प

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा** : इण्डिया महागठबंधन के नेताओं ने बैठक कर गढ़वा जिला संसदीय समिति के सदस्यों का चयन किया। साथ ही महागठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने का सभी ने संकल्प लिया। महागठबंधन के नेताओं ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। महागठबंधन के नेताओं ने बताया कि इण्डिया गठबंधन के पलामू लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी ममता भुईयां को जीत दिलाने के लिये महागठबंधन के गढ़वा जिले के सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेवारी सौंप दी गई। इसके लिये गढ़वा विधायक झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर बैठक आयोजित कर राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव एवं राजद के पलामू लोकसभा प्रभारी गौतम सागर राणा, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव से विचार विमर्श कर गढ़वा जिला संसदीय समिति सदस्य का चयन किया गया। इस दौरान वाहन कमेटी, जिला स्तरीय कार्यालय कमेटी, सोशल मीडिया प्रभारी तथा प्रेस मीडिया प्रभारी का चयन किया गया। इसके तहत गढ़वा जिला संसदीय समिति सदस्य पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, तनवीर आलम खान, ओबेदुल्लाह हक अंसारी, सुषमा मेहता, सुरज सिंह, मंदीप मल्लाह, धर्मेन्द्र सिंह, ताहिर अंसारी, मनोज ठाकुर, मदनी खान, मासुम खान, नसीम अख्तर, मुस्ताक अंसारी, जैनुल्लाह अंसारी, बसंत यादव, केपी यादव, नन्द गोपाल यादव, निर्मल पासवान, धर्मराज पासवान, मुखराम भारती, सुदेश्वर राम, शंभू चन्द्रवंशी, शंभू राम, विकास सिंह कुशवाहा, वरूण बिहारी यादव, छोटू सिंह, जिप अध्यक्ष शांति देवी, नरेश सिंह, सत्यनारायण यादव, जमीरूद्दीन अंसारी, लल्लू राम, मकबुल खां, मुक्तेश्वर पाण्डेय को बनाया गया है। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल अध्यक्ष जेपी मिंज, नितेश सिंह, राजकिशोर यादव, परवेज आलम, राजा राजेन्द्र प्रताप देव, श्रीकांत तिवारी, रामवृक्ष यादव, लालमुनी गुप्ता, प्रभात कुमार दुबे, हरेन्द्र चौधरी गढ़वा अनुमण्डल अध्यक्ष अभय पाण्डेय, वीरेन्द्र चौधरी, कामता प्रसाद, फरीद खां, अहमद अली अंसारी, शरीफ अंसारी, सत्येन्द्र पाण्डेय उर्फ पिंकू, सलाहुद्दीन खान, मुनेश्वर सिंह खरवार, धर्मराज राम, इसराईल खान, लतीफ अंसारी को बनाया गया है। वाहन कमिटी सदस्य फुजैल अहमद, अभिषेक सिंह, दिवाकर चौबे, नौशाद अली, अजय ठाकुर, जिला स्तरीय कार्यालय समिति सदस्य कामख्या नारायण सिंह, अशर्फी राम, नीलू खान, सोशल मीडिया प्रभारी मोसाहिद हुसैन, दिलीप गुप्ता, राहुल दुबे, प्रभात रंजन, कुंदन मेहता, कार्तिक पाण्डेय, अहमद अंसारी, प्रियम सिंह, मीडिया प्रभारी योगेन्द्र चौबे एवं धीरज दुबे को बनाया गया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, राजद जिलाध्यक्ष सुरज सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, भाकपा माले जिला सचिव कालीचरण मेहता, मंदीप मल्लाह, धर्मेन्द्र सिंह, मनोज ठाकुर, सुषमा मेहता, जमीरूदीन अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### खलिहान में भूसा में छुपाकर रखा गया देशी कट्टा और दो कारतूस बरामद



**भवनाथपुर** : पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की बीती रात्रि थाना क्षेत्र के धनीमंडरा स्कूल के समीप एक खलिहान में भूसा में छुपाकर रखा गया एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद कर अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज किया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि बीती रात्रि धनीमंडरा में स्कूल के पास खलिहान में हथियार छुपा कर रखने की सूचना थी। सूचना के आलोक में किये गये छापेमारी में हथियार बरामद कर लिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। बताते चले कि पुलिस के द्वारा अब तक थाना क्षेत्र के धनीमंडरा के कामेश्वर पासवान के घर से एक कट्टा और सात जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया था। सिंदुरिया टोला के आलोक साव के घर से दो देशी कट्टा व पांच जिंदा कारतूस, धनीमंडरा गांव से दो देशी कट्टा व सात कारतूस तथा पंडरिया से एक देशी कट्टा सहित कुल पांच अवैध देशी हाथियार व कारतूस बरामद करते हुये अभी तक दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### चूल्हे की चिंगारी से लगी आग में जले तीन घर, दो लाख की संपति जलकर राख



**कांडी** : थाना क्षेत्र के लमारी कला गांव में शनिवार की शाम अचानक तीन घरों में आग लगने से लगभग दो लाख की संपति जलकर राख हो गई। आग कैसे लगी स्पष्ट पता नहीं चल पा रहा है किन्तु चूल्हे से निकलने वाली चिनगारी कारण बताया जा रहा है। एक घर में आग लगने से उसके नजदीक के दो घर भी जल गये। भाजपा नेता रवीन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि अनिल राजवार, सुखाड़ रजवार व चरितर रजवार के घर में रखा चौकी, खटिया, साईकिल, कपड़ा, राशन सहित सारा समान जल गया जिससे तीनों घरों के परिवार बेघर व लाचार हो गये। फिलहाल ग्रामीणों द्वारा पंप लगाकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। भाजपा नेता रवीन्द्र चंद्रवंशी ने कांडी सीओ को इस बावत जानकारी देते हुये उचित मुआवजा दिलाये जाने की मांग की है।

## जेल में बन्द सजायाप्ता से मिले डालसा सचिव

**मेदिनीनगर** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने शनिवार को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में सजायाप्ता बन्दी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कैदियों से कहा कि जो सजायाप्ता बन्दी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाये हैं वे अपील करें। उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाये बन्दी बिना अपील किये नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बन्दियों को मुफ्त में अपील करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कई बन्दियों का अपील झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल कराया गया है। वही जो बन्दी अपील के लिये रह गये हैं उनका भी अपील उच्च न्यायालय में सरकारी खर्च पर दाखिल कराया जायेगा। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन भेज सकता है। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट से सजा प्राप्त बन्दी का अपील जिला जज के अदालत में दाखिल कर सकते हैं। जबकि जिला जज के यहां से सजा प्राप्त बंदी उच्च न्यायालय में अपील कर सकते हैं। मौके पर कारा अधीक्षक व जेलर के अलावे दर्जनों बंदी उपस्थित थे।

## किशुनपुर में बाबूलाल मरांडी की सभी 28 को

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर** : पाटन प्रखंड के किशनपुर हाईस्कूल मैदान में 28 तारीख अप्रैल को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा होगी। इस सिलसिले में आज पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार सभी व्यवस्था का निरीक्षण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये उन्होंने पार्टी नेताओं व कार्यकताओं के साथ बैठक भी की। बैठक में विधानसभा प्रभारी नरेंद्र पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, चंद्रकांत उपाध्याय, कुंदन दुबे, राकेश चौधरी महाकाल समेत कई लोग मौजूद थे।

## गांव को छोड़ भागने के लिए ढाये जा रहे विधवा व उनके परिजनों पर जुल्म

# पीड़ित परिवार ने प्रशासन से लगायी सुरक्षा की गुहार



**गढ़वा** : गढ़वा थाना अंतर्गत परिहारा गांव में रह रही विधवा बबिता कुंवर पर परिवार के साथ गांव को छोड़ भागने के लिए जुल्म ढाये जा रहे हैं। बताया गया है कि उक्त गांव मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है। उस गांव में बबिता एवं उनके परिजन ही एकमात्र हिन्दू परिवार हैं। पीड़ितों के मुताबिक मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा उनके घर और संपत्ति पर कब्जा करने के लिए और इनको वहां से भगाने के लिए अब तक लगभग आधा दर्जन बार इन पर हमला किया जा चुका है। इस मामले में एसडीओ कोर्ट में पूर्व से जारी 107 की कार्रवाई के बाद भी 27 अप्रैल को घेर कर बबिता के परिवार को निशाना बनाया गया। इस हमले में मोहित कुमार और राजेश कुमार चंद्रवंशी घायल हुए हैं। इसकी सूचना एसपी को दिए जाने के बाद उनके निर्देश पर जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब पीड़ितों की जान बची।

घटना के ही दिन शनिवार को विहिप के जिला मंत्री सोनू सिंह, बजरंग दल संयोजक शुभम चौबे, के नेतृत्व में पीड़ित पक्ष ने डीसी और एसपी से मिलकर अपनी आपबीती बयान करते हुए जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। गढ़वा थाने में भी आवेदन दिया है। बबिता कुंवर ने अपने आवेदन में मुस्लिम समुदाय के 20-22 लोगों पर जानलेवा हमला कर मारपीट और घर में चल रहे दुकान में लूटपाट की शिकायत की है। हालांकि प्रशासन ने पीड़ित परिवार की सुरक्षा की वचनबद्धता दुहरायी है तथा कहा है कि अब पीड़ित परिवार के ऊपर कोई हमला नहीं होगा।

उधर विहिप के जिला महामंत्री सोनू सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि एक सप्ताह के भीतर उक्त परिवार वालों को समुचित न्याय नहीं दिलाया जाता है और इस प्रकार के लक्षित आपराधिक घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक नहीं लगाई जाती है तो पीड़ित परिवार के साथ पूरा संगठन अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# यज्ञशाला में रहने वाले महादलित व्यक्ति की मौत

बंशीधर न्यूज

**कांडी** : लंबी अवधि से कांडी पोखरा पर स्थित यज्ञशाला में रहने वाले महादलित व्यक्ति की बीती रात मौत हो गई। मुखिया ने इस अधेड़ व्यक्ति के शव के अंतिम संस्कार की व्यवस्था बनाई। उक्त महादलित (मुसहर) व्यक्ति दिनभर विभिन्न गावों में खाने के लिये मांगता व यज्ञशाला में ही रहता था। अचानक उसकी मृत्यु हो गई। शनिवार सुबह उसे मृत पाया गया। उसकी लाश वहीं यज्ञशाला में पड़ी हुई थी। उसकी उम्र करीब



50 साल थी। इस मृतक के दाह संस्कार के लिये कुछ नहीं था। कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम के द्वारा एक गाड़ी बुक करके शव को अंतिम संस्कार के लिये कई लोगों के साथ कफन में लपेटकर अन्य सामग्री के साथ सोन नदी स्थित श्मशान घाट पर भेजा गया। खोजबीन करने पर मुखिया ने उक्त व्यक्ति की पहचान रमेश राम पिता नान्हू राम 50 वर्ष ओखरगाड़ा प्रखंड गढ़वा बतायी। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# राज्य के चार संसदीय क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू

**चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुमार ने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा। वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी ताकि शत-प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (ऐबसेंट, शिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालेंटियर्स के रूप में रखा जाएगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे, वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालेंटियर्स का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भ्रामक खबरों (फेक न्यूज) के प्रकाशन, प्रसारण सहित सोशल मीडिया पर उसके पोस्ट की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक खबर मिलने पर संबंधित संस्थान, व्यक्ति पर कार्रवाई की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।

## बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध करायें राजनीतिक दल: जिला निर्वाची पदाधिकारी



**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को निर्वाचन व्यय से संबंधित दर निर्धारण के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाजार से प्राप्त कोटेशन, होटल बिल, टेंट का बिल, प्रचार सामग्री, न्यूनतम मजदूरी दर आदि के आधार पर विभिन्न आइटम्स का दर निर्धारण से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप) का वितरण नाम निर्देशन की अंतिम तिथि से प्रारंभ किया जाना है तथा मतदान की तिथि से कम से कम पांच दिन पूर्व वितरण का कार्य संपन्न किया जाना है। उन्होंने बताया कि बीएलओ के माध्यम से वितरण के लिए तैयार किये गये शेड्यूल की प्रति राजनीतिक दलों, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट निर्वाचन लड़नेवाले अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के पश्चात बीएलओ द्वारा एएसडी लिस्ट, अनुपस्थित स्थानांतरित और मृत सूची अल्फाबेटिकली तैयार की जाएगी।

### बूथों पर पेयजल पर विशेष ध्यान दें अधिकारी : दोरजे चेरिंग नेगी

**खूंटी।** सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी (भाप्रसे) की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड सभागार कर्रा में लोकसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। नेगी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा एवं सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने की पूर्ण समीक्षा कर लें। समीक्षा के क्रम में क्लस्टर प्रभारी एवं स्ट्रांग रूम प्रभारी के कार्यों को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए। साथ ही क्लस्टर मानचित्र और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा सभी क्षेत्रों के लिए चिकित्सा व्यवस्था की जानकारी प्रेक्षक ने ली। सामान्य प्रेक्षक द्वारा कर्रा प्रखंड के बूथ संख्या 59, 60, $2 उच्च विद्यालय कर्रा, बूथ संख्या 28, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तिलमी एवं बूथ संख्या 39 राजकीय मध्य विद्यालय डहकेला, बूथ संख्या 8, 9, 10, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जरियागढ़ के महिला बूथ का निरीक्षण किया गया। मतदाता जागरूकता समूह की बैठक करने, मतदान केन्द्रों पर स्वच्छ शौचालय एवं पेयजल पर विशेष ध्यान देने का निर्देश उन्होंने दिया।

# खेलगांव को झामुमो ने हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाया, भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को चुनाव आयोग पहुंचकर झामुमो द्वारा खेलगांव में हेलीकॉप्टर पार्किंग बनाने पर तीव्र विरोध करते हुए चुनाव आयोग पहुंची और मुख्य चुनाव पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले खा उप प्रमुख प्रकाश झा, अधिवक्ता शिव कुमार शर्मा शामिल थे। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि झामुमो द्वारा जो खेलगांव को हेलीकॉप्टर पार्किंग



बनाया गया है वह किसके आदेश पर बना है, अभी तक कितना बार हेलीकॉप्टर उड़ा और क्या क्या हेलीकॉप्टर से गया। हेलीकॉप्टर से भारी मात्रा में चुनाव में पैसा का भी आवागमन की संभावना है। झामुमो कितना पैसा पार्किंग का दे रही है किसको दे रही है ये सब जांच का विषय है। खेलगांव में हेलीकॉप्टर पार्किंग रखने से झामुमो नेता बिना जांच चेक के सीधा उड़ान भर रहे है। वहां कोई सी आई एस एफ की प्रतिनियुक्ति नहीं है जो जाने वाले व्यक्ति की जांच करे। पूरे प्रकरण में कौन कौन पदाधिकारी इसमें शामिल हैं ये भी पता लगाना आवश्यक है। फिलहाल मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने जांच का आदेश दे दिया है।

## लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी का कांग्रेस से इस्तीफा

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने शनिवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि वे झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आए थे। इसलिए पार्टी छोड़ने का निर्णय किया है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। कांग्रेस की ओर बायोडाटा मांगा गया। इसके बाद झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। गुलाम अहमद मीर ने कहा था कि



राहुल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। आप सभी मामलों में फिट बैठते हैं। आपको रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जब टिकट की घोषणा हुई तो वो सबके सामने है। चौधरी ने कहा कि पिछले पांच सालों में भाजपा का दरवाजा नहीं खटखटाया है। उन्होंने फिलहाल निर्दलीय या किसी अन्य पार्टी से चुनाव लड़ने से इनकार किया। साथ ही कहा कि करीबियों से विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय करेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने उन्हें ऑफर दिया था। उस समय वह भी आईएनडीआईए में थे। रांची से सीट देने की भी बात भी कही थी। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भाजपा से जीता था तो पार्टी को केवल दिया। उससे कुछ लिया नहीं।

# सीईओ के. रवि कुमार से मिले राधाकृष्ण किशोर, सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि से मिलकर एक लिखित ज्ञापन देते हुए पलामू संसदीय क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित जंगलों, पहाड़ों के मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। विगत सप्ताह पूर्व मंत्री किशोर ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के अतिउग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के चिपो, बतसपुर, रजडेरवा, बुढ़ी, बुक्का, चेतमा रतनाग, सीढा, कवल, भितिहरवा, डगरा, रिसियप्पा आदि गावों का भ्रमण किया था।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि रतनाग,



सहियार, झड़वा छाड़न, पाल्हे पथरा, मतनाग आदि अन्य कई गांव के मतदाताओं को वर्तमान लोकसभा चुनाव के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं है। वर्तमान लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए चुनाव आयोग द्वारा ह्रास्वीपह्न जैसे कई प्रशंसनीय कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, परंतु पलामू संसदीय क्षेत्र के घोर उग्रवाद प्रभावित गांव के मतदाताओं को वर्तमान लोकसभा चुनाव की विस्तृत जानकारी नहीं हो पाना लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यजनक है। किशोर ने सीईओ को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पूर्व में उग्रवादी संगठनों द्वारा चुनावी प्रक्रिया का घोर बहिष्कार किया जाता रहा है। राजनैतिक संगठनों द्वारा चुनाव प्रचार किया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहता है। प्रचार करते हुए पकड़े जाने पर प्रचार वाहनों में आग लगा दी जाती थी। वोट में भाग लेने वाले मतदाताओं के विरूद्ध हिंसक कार्रवाई की जाती थी। चुनाव कार्य में भाग लेने वाले कई पुलिस-मतदानकर्मियों को अपनी जानों की भी आहुति देनी पड़ी है, परंतु अब परिस्थितियां बदली है। उग्रवाद प्रभावित मतदान केन्द्रों के मतदाता मतदान करना चाहते हैं, परंतु मतदाताओं के समक्ष कई कठिनाईयां भी है, जैसे छतरपुर विधानसभा के मतदान केन्द्र संख्या 335 (हरनी) के अंतर्गत पाल्हे पथरा के मतदाताओं को लगभग 8 किमी की दूरी तय कर हरनी मतदान केन्द्र पर जाना पड़ेगा। मतदान केन्द्र संख्या 106 (हुलसम) के अंतर्गत पड़ने वाले चिपो, बसंतपुर तथा रजडेरवा गांव के मतदाताओं को लगभग 8 किमी की दूरी तय कर हुलसम मतदान केन्द्र जाना पड़ेगा। इसी तरह मतदान केन्द्र संख्या 277 (बुका) के अंतर्गत पड़ने वाला चेतमा तथा बुढ़ी गांव के मतदाताओं को लगभग 3-4 किमी की दूरी तय कर बुका मतदान केन्द्र पर जाना पड़ेगा। ऐसे दुर्गम मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचने के लिए, जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था करने की आवश्यकता है, ताकि उग्रवाद प्रभावित सुदूरवर्ती तथा दुर्गम क्षेत्र के मतदाता लोकतंत्र के महान पर्व में भाग ले सके। उक्त प्रकार की व्यवस्था से उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी और लोकतंत्र की जड़े भी मजबूत हो सकेंगी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)